भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: † 994
दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

इन-विट्रो डायग्नोस्टिक्स (आईवीडी) क्षेत्र के संबंध में प्रौद्योगिकी

† 994. श्री एस. जगतरक्षकन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि इन-विट्रो डायग्नोस्टिक्स (आईवीडी) क्षेत्र के संबंध में प्रौद्योगिकी को अपनाकर लागत में कमी करके अधिक पहुंच, स्वीकार्यता और उच्च स्तर की नैदानिक परिशुद्धता को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है; और

(ख) यदि हां, तो आईवीडी निर्माताओं की भूमिका के साथ- साथ प्रयोगशाला, रोगी निदान और उपचार के संबंध में वर्तमान कार्यप्रवाह में होने वाले परिवर्तन और व्यवधान को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा की गई/की जाने वाली प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) और (ख) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों के साथ तालमेल में लागत प्रभावी चिकित्सा उपकरणों और निदानों के अनुसंधान, विकास और स्वदेशी विनिर्माण को सहायता प्रदान करने और उत्प्रेरित करने के लिए अपने मुख्यालय में 'चिकित्सा उपकरण और निदान मिशन सचिवालय' (एमडीएमएस) की स्थापना की है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद चिकित्सा चिकित्सकों और संस्थानों द्वारा नवान्वेषण और उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नीतियों का मसौदा तैयार करने सहित चिकित्सा उपकरण और नैदानिक

क्षेत्र में प्रौद्योगिकियों की सुलभता, स्वीकार्यता और उपलब्धता को सक्षम करने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने को सुविधाजनक बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाती है।

इसने प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा संस्थानों के सहयोग से आईआईटी में विभिन्न उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना भी की है, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के साथ संरेखित प्रौद्योगिकियों का समर्थन करने के केंद्रित दृष्टिकोण के साथ है।

आईसीएमआर सामाजिक प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने की सुविधा के लिए ऐसी लागत प्रभावी स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के नदान-पूर्व, नैदानिक मूल्यांकन और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन (एचटीए) की सुविधा प्रदान करता है।

****